

## सामंथा संग इस फिल्म में नजर आएंगे विजय देवरकोंडा

सामंथा रुथ प्रभु और विजय देवरकोंडा के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री के टॉप स्टार्स में शुमार ये दोनों ऐक्टर्स अब जल्द ही एक फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। सामंथा और विजय देवरकोंडा डायरेक्टर शिवा निर्वाण की अगली फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म को हाल ही हैदराबाद में लॉन्च किया गया। सामंथा रुथ प्रभु इस वक्त दुबई में छुट्टियां मना रही हैं, इस कारण वह फिल्म के लॉन्च से गायब रहीं। लेकिन विजय देवरकोंडा जरूर शामिल हुए। विजय देवरकोंडा वाइट शेरवानी पहनकर फिल्म के लॉन्च इवेंट पहुंचे। सामंथा और विजय की यह साथ में दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों ने फिल्म डीयदंजप में साथ काम किया था। सामंथा ने शिवा निर्वाण के इस पोस्ट पर रिऐक्ट किया है और लिखा है कि वह इस स्पेशल टीम का हिस्सा बनने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। वह शुरुआत करने के लिए इंतजार नहीं कर सकतीं। शिवा निर्वाण ने फिल्म की टीम के साथ लॉन्च इवेंट से एक तस्वीर अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर की और बताया कि वह विजय देवरकोंडा और सामंथा के साथ फिल्म को लेकर कितने एक्साइटेड हैं। उन्होंने बताया कि यह एक फैमिली एंटरटेनर होगी, जिसकी शूटिंग बहुत जल्द शुरू होगी।

## प्रियंका चोपड़ा ने बेटी का नाम मालती मैरी जोनस क्यों रखा?

इंटरनेशनल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की बेटी के नाम का खुलासा हो चुका है। पहला मौका है, जब प्रियंका चोपड़ा की बेटिया का नाम और बर्थडे डेट की जानकारी सामने आई है। निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने बेटी का नाम मालती मैरी चोपड़ा जोनस रखा है। अब प्रियंका चोपड़ा की बेटी का नाम है तो सभी फैंस एक्साइटिड हो गए हैं कि आखिर उन्होंने बेटी का नाम यही क्यों चुना और मालती नाम का मतलब क्या होता है। प्रियंका चोपड़ा ने बेटी का नाम एकदम सिंपल रखा। उन्होंने अपनी गुड़िया को नाम दिया मालती मैरी चोपड़ा जोनस। इस नाम मालती का मतलब होता है फूलों की खुशबू। इसके अलावा मूनलाइट ,जैस्मिन फूल और खुशबू भी इसके अर्थ होते हैं। ये एक हिंदू नाम है। वहीं मालती के साथ मैरी नाम भी जोड़ा गया है। मैरी लैटिन भाषा के स्टेला मैरिस से लिया गया है। जिसका अर्थ होता है समुद्र का तारा। जबकि फ्रेंच में मैरी का मतलब होता है यीशु की मां। प्रियंका चोपड़ा ने बेटी का नाम मालती रखा। जिसका मतलब होता है फूलों की खुशबू। रिपोर्ट्स की मानें तो म से शुरू हुए अक्षर वालों का लकी नंबर 1 होता है। प्रियंका चोपड़ा की बेटी की जन्मतिथि 15 जनवरी 2022 है। मालती का जन्म इसी साल 15 जनवरी को शाम 8 बजे हुआ।

## 79 साल की उम्र में अमिताभ बच्चन ने की हाई किक



एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ ने एक्शन स्पेस में अपनी ऐसी छाप छाप छोड़ चुके हैं। उनका ऐक्शन हो या डांस, उनके फैंस को खूब पसंद आता है। अब हीरोपंती 2 ऐक्टर टाइगर श्रॉफ से अमिताभ बच्चन भी प्रभावित हुए हैं। अमिताभ बच्चन ने उनसे प्रभावित होकर खास काम भी शेयर किया। इसे देख बॉलिवुड के तमाम स्टार्स ने रिएक्ट किया। टाइगर के हीरोपंती 2 के हाई किक को 79 साल की उम्र में अमिताभ बच्चन ने भी फॉलो किया। अमिताभ बच्चन ने इस ऐक्शन मूव की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है जिसमें वह टाइगर श्रॉफ का सिग्नेचर स्टेप करते दिख रहे हैं। इस बारे में महानायक ने लिखा, ष्टाइगर श्रॉफ को ऐसे फ्लेक्सिबल किक मारकर लाइक्स देखने के बाद मैंने सोचा मैं भी ट्राई करूं। उम्मीद है कि मुझे थोड़े लाइक्स मिलेंगे।
फिर क्या... बिग बी के पोस्ट को देख टाइगर श्रॉफ ने भी प्रतिक्रिया दी। टाइगर महानायक द्वारा उनके सिग्नेचर स्टेप को देख फूले नहीं समाए। टाइगर श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर अमिताभ बच्चन को धन्यवाद दिया और सुपरस्टार के दयालु शब्दों पर अपनी खुशी जाहिर की। टाइगर ने कहा, जब हमारे देश के सबसे महान स्टार और सबसे महान एक्शन हीरो ने मेरे लिए कुछ प्यारे शब्द कहे। मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।"

# आयुष्मान खुराना का धांसू ऐक्शन अवतार



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*विक्की डोनर से लेकर चंडीगढ़ करे आशिकी तक आयुष्मान खुराना ने 10 साल के सिनेमाई करियर में 16 फिल्मों में काम किया है। खास बात यह है कि उनकी हर फिल्म एक–दूसरे से जुदा है। आयुष्मान की छवि एक ऐसे ऐक्टर की है, जो असल जिंदगी वाले सामान्य किरदारों से सजी फिल्में ही करते हैं। यही नहीं, उनकी हर फिल्म में एक ऐसा मेसेज होता है, जिस पर आम तौर पर कोई बात नहीं करना चाहता। लेकिन अब ऐक्टर ने अपने इस इमेज को तोड़ने का फैसला किया है। आयुष्मान पहली बार पर्दे पर न सिर्फ ऐक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं, बल्क पहली बार एक अंडरकवर कॉप की भूमिका में भी नजर आएंगे। उनकी अपकमिंग पॉलिटिकल एक्शन थ्रिलर का नाम अनेक है, जिसे अनुभव सिन्हा डायरेक्ट कर रहे हैं।*

अपनी अपकमिंग फिल्म अनेक में अपने रोल के बारे में बात करते हुए आयुष्मान खुराना ने कहा, यह पहली बार है जब दर्शक मुझे इस तरह के अवतार में देखेंगे। मैंने पहले भी एक पुलिस वाले की भूमिका निभाई है, लेकिन वह लार्जर दैन लाइफ जैसा किरदार नहीं था। यह पहली बार है जब वो मुझे अंडरकवर अफसर के रूप में आप ऐक्शन करते हुए देखेंगे। अनेक में जोशुआ का रोल एक स्ट्रीट स्मार्ट और इंटेलिजेंट इंसान का है। वह लोगों के आसपास से अपना रास्ता निकालना जानता है और न केवल फिजिकली, बल्कि दिमाग से भी बहुत तेज है।

**आयुष्मान देंगे अहडियंस को नया एक्सपीरियंस**
आयुष्मान कहते हैं कि जोशुआ का किरदार बुरे लोगों से लड़ता है। इस रोल को निभाने के लिए और खुद को एक अलग जोनर में देखने के लिए वह भी खुद भी बहुत एक्साइटेड हैं। वह कहते हैं, इस फिल्म ने मुझे कुछ ऐसा करने का मौका दिया है, जो मैंने पहले कभी नहीं किया था। मैं अपने फैंस और ऑडियंस को हर फिल्म के साथ नया एक्सपीरियंस देना चाहता हूं।




**अनेक के लिए आयुष्मान ने ली ट्रेनिंग**
उन्होंने आगे कहा, श्एक अंडरकवर पुलिस वाले के रूप में, जोशुआ में एक तेज तर्रार जासूस के सभी गुण हैं। जाहिर है इसके लिए मुझे फिजिकल और मेंटल दोनों तरह की मेहनत करनी पड़ी है। जोशुआ का कैरेक्टर पहले अपने दुश्मन को ऑब्जर्व करता है और फिर उनसे लड़ता है। इस किरदार की कहानी और इसका तरीका हर किसी को भी उलझाए रखता है। अनेक की दुनिया में फिट होने के लिए मुझे एक्शन सीन्स में रियल और रॉ दिखना था। अनुभव सिन्हा ने इस कैरेक्टर को लेकर जो भी कल्पना की थी, उसे निभाने के लिए, मुझे सही गाइडेंस के साथ ही प्रॉपर ट्रेनिंग भी दी गई।

**आयुष्मान ने गजब की बहादुरी दिखाई**
अनेक फिल्म के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर अनुभव सिन्हा कहते हैं, मैं अनेक की रिलीज को लेकर एक्साइटेड हूं, क्योंकि इसमें दर्शकों के लिए बहुत कुछ है। आयुष्मान ने जोशुआ के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुझे लगता है कि इस रोल में उनसे बेहतर कोई और नहीं हो सकता है। वह न सिर्फ एक बेहतरीन ऐक्टर हैं, बल्कि फिल्म में एक अंडरकवर पुलिसवाले के लिए एक्शन करते हुए उन्होंने बहादुरी भी दिखाई है।

**27 मई 2022 को रिलीज होगी आयुष्मान की अनेक**
अनेक एक पॉलिटिकल एक्शन थ्रिलर है, जो सभी से यह सवाल पूछती है कि असल में एक भारतीय होने का क्या मतलब है? हर तरह के भेदभाव से ऊपर उठने और देश को एकजुट करने के मिशन में किसी की क्या भूमिका है। फिल्म की शूटिंग नॉर्थ ईस्ट की लोकेशन्स पर की गई है। इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार की टी–सीरीज और अनुभव सिन्हा की बनारस मीडियावर्क्स के बैनर तले किया गया है। यह फिल्म 27 मई 2022 को रिलीज हो रही है।

# राज कुंद्रा का हुलिया देख चौंके लोग, बोले–आज जादू बनकर आया है!

*बॉलिवुड ऐक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के बिजनेसमैन हसबैंड राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी केस में फंसने और जेल की हवा खाकर जमानत पर रिहा होने के बाद जब भी पब्लिक प्लेस पर नजर आए हैं, उन्होंने अजीबोगरीब कपड़े पहने हैं। हर बार वो ऐसी ड्रेस में नजर आने लगे हैं, जिसमें उनका चेहरा पूरी तरह से ढका होता है। कभी वो ऐसा काला मास्क पहने लेते हैं कि चेहरा दिखाई ही नहीं पड़ता तो कभी पूरा ही चेहरा ढक लेते हैं और ऊपर से चश्मा लगा लेते हैं। उनके इन अजीबोगरीब लुक्स को देखकर तो कुछ दिनों पहले शिल्पा की ही हंसी छूट गई थी।*



अब राज कुंद्रा मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे तो ऐसा जैकेट पहना, जो चर्चा में आ गया है। उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं और लोग इस पर जमकर मजे ले रहे हैं। इस लुक में राज कुंद्रा को पहचानना ही मुश्किल हो रहा है। उन्होंने ब्लू कलर की ऐसी जैकेट पहनी हुई है, जिसमें अलग से मास्क लगा हुआ है। देखकर ऐसा लग रहा है कि काला चश्मा अंदर से ही फिट है और सांस लेने के लिए लिप्स के पास थोड़ी जगह बनाई हुई है। उन्हें देखकर लोग कहे रहे हैं कि वो मधुमक्खी जैसे दिख रहे हैं।

**चेहरे ढकने के कारण ट्रोल हुए राज**
फिलहाल उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक यूजर ने लिखा, आज जाजू बनकर आया है ये। दूसरे ने लिखा, वो किसी को मुंह दिखाने के लायक ही नहीं बचा है।

**जेल की खानी पड़ी थी हवा**
कुछ महीने पहले राज कुंद्रा का नाम पोर्न केस में सामने आया था। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। उन पर अश्लील फिल्में बनाने का आरोप लगा था और उन्हें करीब 2 महीने तक जेल की हवा खानी पड़ी थी। फिलहाल वो जमानत पर रिहा हैं।

**छोड़ा सोशल मीडिया**
जेल से बाहर आने के बाद राज कुंद्रा ने सोशल मीडिया से भी दूरी बना ली थी। उन्होंने अपने सारे अकाउंट डिलीट कर दिए थे। वो मीडिया से भी दूरी बनाकर रखते हैं और पपाराजी से बचने के लिए मुंह ढककर ही बाहर निकलते हैं। इन दिनों वो अपने इन्हीं मुंह ढकने वाले लुक्स के चलते सुर्खियों में हैं।